Thompson Retractor

Uncompromised Exposure™



Thompson एंटीरियर लंबर रिंग सिस्टम उपयोगकर्ता मैनुअल:

THOMPSON एंटीरियर लंबर रिंग सिस्टम को सेट अप करने के निर्देश

Thompson
SURGICAL INSTRUMENTS

+1 231 922 0177 » THOMPSONSURGICAL.COM

एंटीरियर लंबर रिंग फ्रेम उपयोगकर्ता मैनुअल





चेतावनियाँ और सावधानियाँ:

सावधानी: तंत्रिकाओं को नुकसान से बचाने के लिए, रोगी के शरीर को फ्रेम के घटकों से दबने न दें।

Thompson सर्जिकल रिट्रैक्टर प्रणालियों और सहायक उपकरणों की आपूर्ति अ-रोगाणुहीन अवस्था में की जाती है। सफाई, स्टरिलाइज़ेशन (जीवाणुरहित बनाने), और देखभाल के निर्देशों के लिए Thompson Retractor आईएफ़यू देखें।

अतिरिक्त चेतावनियों और सावधानियों के लिए Thompson Retractor आईएफ़यू देखें।

अन्य Thompson Retractor सिस्टम के लिए, हरेक की संबंधित उपयोगकर्ता मैनुअल देखें।

प्रतीक चिह्न:

निर्माता	EC REP अधिकृत EC प्रतिनिधि	CE 0297 CE चिह्न	चेतावनियाँ / सावधानियाँ	गैर-जीवाणुरहित

रिंग फ्रेम का सेट अप

अगर जैकसन स्पाइन टेबल का उपयोग कर रहे हों: जैकसन फ्रेम अडैप्टर

जैकसन फ्रेम अडैप्टर को टेबल पर रखें और घुंडी को घड़ी की दिशा में घुमाते हुए कसें। कस जाने पर, Thompson रेल क्लैंप जोड़ा जा सकता है।

ध्यान दें: जैकसन फ्रेम अडैप्टर केवल Thompson रिट्रैक्टर के लिए है। दूसरे रिट्रैक्टर के साथ उपयोग नहीं करें क्योंकि हो सकता है कि यह उसके साथ काम न करे।





रिंग फ्रेम का सेट अप *(जारी)*

चरण 1: रेल क्लैंप

Elite Rail Clamp को आर्मबोर्ड की बगल में, रोगी की बगल के पास, जीवाणुरहित ड्रेप के ऊपर रेल पर रखें, और ऊपरी घुंडी को घड़ी की दिशा में घुमाते हुए कस दें। टेबल की दूसरी साइड पर, ऊपरी जाँघ के पास, चीरे के मध्य भाग से 10 - 12" (25 - 30 cm) नीचे यही क्रिया दोहराएँ।



चरण 2: एक्सटेंशन आर्म्स जोड़ें

एक्सटेंशन आर्म को Elite Rail Clamp पर मौजूद जॉइंट में घुसाएँ, सही स्थान पर लाएँ, और कैम जॉइंट हैंडल को पलट कर लॉक कर दें। दूसरी साइड पर भी यही क्रिया दोहराएँ। एक्सटेंशन आर्म अपने स्थान पर पहुँच जाने के बाद उसे एडजस्ट करें; एडजस्टमेंट हेतु, काली घुंडी को ढीली करने के लिए घड़ी की विपरीत दिशा में और कसने के लिए घड़ी की दिशा में घुमाएँ।

सुझाव: आसान जुड़ाव के लिए, इस चरण से पहले आर्म के एडजस्ट हो सकने वाले हिस्से को वांछित स्थान में रखते हुए, काली घुंडी को कस लें।



चरण 3: सर्कल रिंग असेंबली

रिंग के दोनों आधे भागों को जोड़ें और हेक्स टूल से हर साइड पर स्क्रू कस कर उन्हें कस दें।

स्क्रू कसने से पहले सुनिश्चित करें कि रिंग फ्रेम के दोनों साइड ठीक से बैठ गए हैं।

सुझाव: केस की शुरुआत में या फ्रेम सेट अप करने के दौरान रिंग को पहले से जोड़ा जा सकता है।



ध्यान दें: रिंग के आधे भागों को अलग करने से पहले, सुनिश्चित कर लें कि दोनों स्क्रू रिंग के विपरीत आधे भाग से पूरी तरह अलग कर लिए गए हों।

स्क्रू को जबरन रिंग से निकालना या उसमें घुसाना नहीं चाहिए।

रिंग फ्रेम का सेट अप *(जारी)*

अंडाकार रिंग असेंबली (वैकल्पिक)

रिंग के मेल छोर को रिंग एक्सटेंशन के फ़ीमेल छोर में घुसा कर रिंग एक्सटेंशन को रिंग के आधे भागों से जोड़ें, और रिंग एक्सटेंशन को घड़ी की दिशा में घुमाते हुए कस दें। रिंग के दूसरे आधे भाग और एक्सटेंशन के साथ यही क्रिया दोहराएँ। रिंग के दोनों आधे भागों को जोड़ें और हेक्स टूल से हर साइड पर स्क्रू कस कर उन्हें कस दें।

सुझाव: केस की शुरुआत में या फ्रेम सेट अप करने के दौरान रिंग को पहले से जोड़ा जा सकता है।

खोलने के लिए सुझाव: आवश्यकता पड़ने पर, ढीला करते समय घड़ी की विपरीत दिशा में घुमाने में आसानी से के लिए हेक्स टूल को रिंग एक्सटेंशन के बाहरी छेद में घुसाया जा सकता है।



ध्यान दें: रिंग के आधे भागों को अलग करने से पहले, सुनिश्चित कर लें कि दोनों स्क्रू रिंग के विपरीत आधे भाग से पूरी तरह अलग कर लिए गए हों। स्क्रू को जबरन रिंग से निकालना या उसमें घुसाना नहीं चाहिए।

कब्ज़े वाली रिंग असेंबली (वैकल्पिक)

रिंग के मेल छोर को रिंग एक्सटेंशन के फ़ीमेल छोर में घुसा कर कब्ज़े वाली रिंग के एक्सटेंशन को रिंग के आधे भागों से जोड़ें, और कब्ज़े वाली रिंग के एक्सटेंशन को घड़ी की दिशा में घुमाते हुए कस दें। रिंग के दूसरे आधे भाग और कब्ज़े वाली रिंग के एक्सटेंशन के साथ यही क्रिया दोहराएँ। रिंग के आधे भागों को जोड़कर यह सुनिश्चित करें कि कब्ज़े वाली एक्सटेंशन घुंडियाँ रिंग के बाहरी ओर घूमी हुई हों और हेक्स टूल से हर ओर के स्क्रू को कसकर मज़बूती से जोड़ दें।



कब्ज़े वाली रिंग को एडजस्ट करना

ढीला करने के लिए, कब्ज़े वाली रिंग एक्सटेंशन की घुंडियाँ घड़ी की विपरीत दिशा में घुमाएँ। रिंग के आधे भागों को वांछित स्थिति में एडजस्ट करें और कब्ज़े वाली रिंग की एक्सटेंशन घुंडियों को घुमाकर कसें और सुनिश्चित करें कि दाँते सुरक्षित ढंग से अपनी जगह पर बैठ गए हैं।

सुझाव: केस की शुरुआत में या फ्रेम सेट अप करने के दौरान रिंग को पहले से जोड़ा जा सकता ह



ध्यान दें: रिंग के आधे भागों को अलग करने से पहले, सुनिश्चित कर लें कि दोनों स्क्रू रिंग के विपरीत आधे भाग से पूरी तरह अलग कर लिए गए हों। स्क्रू को जबरन रिंग से निकालना या उसमें घुसाना नहीं चाहिए।

रिंग फ्रेम का सेट अप *(जारी)*

चरण 4: रिंग जोड़ें

रिंग को पहले आर्टिकुलेटिंग आर्म के हिंज जॉइंट (कब्ज़ा जोड़) पर रखें। हेक्स टूल से कसें। दूसरी आर्टिकुलेटिंग आर्म के साथ यही क्रिया दोहराएँ। रिंग, रोगी से 2 - 3" (5 - 7.5 cm) ऊपर होनी चाहिए।

चरण 5: क्लिप-ऑन जॉइंट अटैचमेंट

सरकने वाले टी-हैंडल को घड़ी की विपरीत दिशा में घुमा कर गोल जॉइंट को पूरी तरह अनलॉक करें। गोल जॉइंट को वांछित स्थानों पर रिंग के ऊपर क्लिप कर दें।



चरण 6: हैंडलों को जॉइंट से जोड़ें

गोल जॉइंट की साइड पर क्लिप द्वारा हैंडल जोड़ें। सरकने वाले टी-हैंडल को घड़ी की दिशा में घुमा कर हैंडल को उसके स्थान पर कस दें।



हैंडल और ब्लेड

S-LOCK® हैंडल और ब्लेड

प्लंजर को दबा कर और ब्लेड निपल को घुसा कर ब्लेड को हैंडल से जोड़ें। ब्लेड को मुक्त करके 'स्वाइवल' (घूमने) और 'लॉक्ड' स्थितियों के बीच अदल-बदल के लिए प्लंजर को दबाएँ।



मुक्त कोण (फ्री एंगल) हैंडल

हेक्स टूल को मुक्त कोण (फ्री एंगल) यंत्रावली में रख कर और ब्लेड को वांछित स्थान पर लाकर उसका कोण मुक्त रूप से निर्धारित किया जा सकता है। ब्लेड को उसके स्थान पर कसने के लिए हेक्स टूल को घड़ी की दिशा में घुमा कर यंत्रावली को कस दें। यह कार्य ब्लेड को फ्रेम पर कसने से पहले या बाद में किया जा सकता है।





दोहरा कोण (डुअल एंगल) हैंडल

पिछले चरण में वर्णित के अनुसार मुक्त कोण (फ्री एंगल) यंत्रावली का उपयोग करते हुए ब्लेड को सही स्थान पर लाने और कसने के बाद, धारीदार क्विक एंगल (QA) यंत्रावली को हेक्स टूल द्वारा ऊपर या नीचे घुमा कर कोण का अतिरिक्त सटीक निर्धारण किया जा सकता है।





हैंडल और ब्लेड

क्लिप-ऑन हैंडल अटैचमेंट

जॉइंट को अनलॉक्ड स्थिति में रखते हुए, उसे वांछित स्थान पर फ्रेम से क्लिप कर दें, ब्लेड को चीरे में सही स्थान पर लाएं, और कैम जॉइंट हैंडल को पलट कर उसे उसके स्थान पर लॉक कर दें।

क्लिप-ऑन हैंडल हटाना

कैम जॉइंट हैंडल को पलट कर अनलॉक्ड स्थिति में लाएं, कैम जॉइंट के पिछले भाग को अंगूठे और तर्जनी से भींचें, और हल्के से ऊपर की ओर उठाते हुए आर्म से अलग कर लें।



क्विक एंगल हैंडल

ब्लेड को हाथ से या टी-हैंडल से 45° तक ऊपर या नीचे किया जा सकता है।



मिनी MICRO-ADJUSTABLE हैंडल

Micro-Adjustable हैंडल घुंडी को घड़ी की दिशा में घुमा कर ब्लेड को और भी पीछे खींचें। पॉल को दबा कर तनाव में ढिलाई दें। और भी निचली प्रोफ़ाइल बनाने के लिए मिनी Micro-Adjustable घुंडी को नीचे मोड़ा जा सकता है।







प्रश्न या अतिरिक्त जानकारी:
+1 231 922 0177

Rev G
090821
alrum-hi

Uncompromised Exposure

हमारी वेबसाइट पर आएं: **THOMPSONSURGICAL.COM**

Thompson SURGICAL INSTRUMENTS
10341 East Cherry Bend Road
Traverse City, Michigan 49684, USA
फोन: +1 231.922.0177
फ़ैक्स: +1 231.922.0174
thompsonsurgical.com

EC REP **Emergo Europe**
Prinsessegracht 20
2514 AP The Hague
THE NETHERLANDS

CE 0297

© 2021 Thompson Surgical Instruments, Inc. U.S.A. **में मुद्रित**

® S-Lock®, PLA®, **और** "T Circle" **लोगोमार्क** Thompson Surgical Instruments, Inc. **के पंजीकृत ट्रेडमार्क हैं।**
पेटेंट: trpat.com

ध्यान दें: चूँकि हम लगातार सर्वोत्तम संभव उत्पादों को प्रदान करने का प्रयास करते रहते हैं, अतःइस उपयोगकर्ता मैनुअल में मौजूद चित्र, प्राप्त उत्पाद से थोड़ा अलग दिख सकते हैं।

Made In USA